शैतान सिंह सोनीगरा
प्रबन्ध संचालक
पाली जिला दुग्ध उत्पादक स.सं. लि., पाली

प्रबंध संचालक की ओर से ....

पाली जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लि., पाली की 28 वीं आमसभा के सुअवसर पर पधारे हुए आप सभी समिति अध्यक्षों का मैं हार्दिक स्वागत एवं अभिनन्दन करता हूँ।

आप सभी के सक्रिय सहयोग एवं समिति स्तर पर पूर्ण देखरेख से संघ ने निरंतर विकास की यात्रा को सुचारू रखा है। सम्पूर्ण कार्यक्षैत्र में सदस्यों के संघ में दृढ विश्वास के परिणाम स्वरूप ही सहकारी सदस्यों की संख्या 40011 होना हर्ष का विषय है।

संकलन की मात्रा का भली प्रकार निस्तारण करने से ही सदस्यों को लाभ मिलता है अत: संघ द्वारा प्राप्त दूध को स्थानीय स्तर पर विपणन के प्रयासों के चलते इस वर्ष 70691 लीटर दूध औसत प्रतिदिन विक्रय कर अब तक का श्रेष्ठ कीर्तिमान बनाते हुए उपभोक्ताओं को उचित मूल्य पर उच्च गुणवत्ता का दूध सहित दूध उत्पाद उपलब्ध करवाए गए है।

वर्तमान समय में कई चुनौतियाँ है लेकिन मेरा अनुरोध है कि यदि सहकारी सदस्यों द्वारा "स्वच्छ दुग्ध उत्पादन कार्यक्रम" अपनाकर समिति स्तर पर संकलित मात्रा की गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा गया तो संघ स्तर पर इसके प्रोसेस व विपणन में हमें आसानी होगी। जिसका लाभ भी सदस्यों को ही मिलेगा।

अंत में आप सभी अध्यक्षों, संचालक मंडल एवं संघ के अध्यक्ष महोदय, राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फेडरेशन लि., जयपुर, दुग्ध उत्पादक सदस्यों, सचिवों, उपभोक्ताओं, जिला एवं राज्य प्रशासन, पाली दुग्ध संघ के समस्त अधिकारी व कर्मचारीगण तथा संघ की विकास यात्रा में सहभागी प्रत्येक व्यक्ति एवं संस्थाओं का मैं हृदय से आभार व्यक्त करता हूँ। आप सब के सामुहिक सहयोग से यह संघ निरंतर प्रगति कर रहा है।

(शैतान सिंह सोनीगरा)
प्रबंध संचालक

Scanned with CamScanner